# QUALITY FOILS (INDIA) LIMITED

Formerly Known as Quality Foils (India) Pvt. Ltd.
(An ISO 9001 : 2015 Company)

Regd. Office :- 3, Industrial Development Colony, Hisar-125 005, Haryana (India)
Phone : 0091 - 1662 - 220327,220328
E-mail : contactus@qualityfoils.com Website : www.qualityfoils.com
CIN : L27107HR1990PLC030929


Date: August 15, 2025

To,

The Manager,
Listing Compliance Department,
**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra kurla Complex, Bandra (East),
Mumbai-400051

**Scrip Code: QFIL**
**ISIN: INE0O1M01015**

**<u>Sub: Intimation of Newspapers Publication of closure of register of Members of Quality Foils (India) Limited.</u>**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 42 of SEBI (LODR, Regulations) 2015 read with Section 91 of the Companies Act, 2013 and rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company hereby wish to intimate that in addition to the intimation made to stock exchange on August 05, 2025 for **35th Annual General Meeting ("AGM")** of the Company which is scheduled to be held on **Thursday, September 04, 2025,** at **10:30 A.M.** at the registered office of the Company situated at 3 – Industrial Development Colony, Hisar-125005, Haryana, following are the Book closure, Cut-Off and E-voting dates for the said AGM.

| **Event** | **Date** | **Time** |
|---|---|---|
| Cut-off date for E-voting | August 28, 2025 | N.A. |
| Book closure period | August 29, 2025 – September 04, 2025 (both days inclusive) | N.A. |
| Commencement of E-voting | September 01, 2025 | 09:00 a.m. |
| End of E-voting | September 03, 2025 | 05:00 p.m. |

Also please find enclosed herewith the public notice issued by way of newspaper advertisements published today i.e. August 15, 2025 both in one English language and Vernacular language regarding notice of Closure of Register of Members of the Company.

Kindly take the same on records and oblige.

Thanking You,

For **Quality Foils (India) Limited**

678f122d-70ce-4eb6-a6a7-70ffa8223abb Digitally signed by 678f122d-70ce-4eb6-a6a7-70ffa8223abb Date: 2025.08.15 19:51:08 +05'30'

QUALITY FOILS (INDIA) LTD. 3-IDC HISAR 125005

**Amelia Nelson**
**Company Secretary and Compliance Officer**

*Encl.: Newspaper Advertisements*

# सम्पादकीय..........

## भारत में घरेलू रक्षा उत्पादनों को प्रोत्साहन मिलना आत्मनिर्भरता की ओर कदम...

*यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि ही कही जाएगी कि देश कर रक्षा उत्पादन 1.5 लाख करोड़ के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इसे एक मील का पत्थर भी कहा जा सकता है। यह इसलिए क्योंकि पिछले एक दशक में भारत ने रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता घटाने के प्रयास भी हुए हैं। ऐसे में जब देश का राजनीतिक नेतृत्व 2047 तक विकसित भारत के विजन को रेखांकित करने में जुटा है तो देश को आधुनिक उपकरणों के साथ-साथ सशस्त्र बलों को और मजबूती देने की जरूरत समझी गई है। सच तो यह भी है कि आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, रक्षा उत्पादन और निर्यात संवर्द्धन नीति जैसे बड़े रणनीतिक फैसलों के कारण घरेलू रक्षा उत्पादनों को एक हद तक प्रोत्साहन मिला है। रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्रों की भागीदारी भी अपेक्षाकृत बढ़ी है और सार्वजनिक उपक्रमों की उत्पादन क्षमता में भी सुधार आया है। इसमें एमएसएमई ने भी योगदान दिया। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि 2019-20 में रक्षा उत्पादन का आंकड़ा महज 79,071 करोड़ रुपए का था, जो मात्र पांच साल में रेकॉर्ड तोड़ ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में रक्षा निर्यात में भी 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इन सब आंकड़ों के परिप्रेक्ष्य में देखें तो साफ नजर आता है कि देश रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में तेज से उभर रहा है। रक्षा के मोर्चे पर वैश्विक मंचों पर भी भारत की छवि मजबूत होती जा रही है। हाल में लोवी इंस्टीट्यूट पावर इंडेक्स की रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि रक्षा क्षेत्र में भारत दुनिया के सिरमौर देशों की कतार में खड़ा है। इतना ही नहीं, देश आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में तेजी से तरक्की कर रहा है, इस तथ्य की पुष्टि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी हुई जब ब्रह्मोस मिसाइलों और ड्रोन रोधी स्वदेशी प्रणाली आकाशतीर ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। हाल में वायुसेना प्रमुख ने भी कहा कि हमारे हमलों से पाकिस्तान इस कदर घबराया हुआ था कि वह बार-बार संघर्ष रोकने विराम के लिए गिड़गिड़ा रहा था। यह बात सही है कि रक्षा क्षेत्र में उत्पादन बढ़ रहा है लेकिन इस प्रगति के बावजूद रक्षा क्षेत्र में आयात पर निर्भरता को घटाना अभी भी चुनौती बना हुआ है। इन प्रयासों को बढ़ाने के लिए अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में मेहनत करनी होगी और निवेश भी बढ़ाना होगा। छोटे और मध्यम उद्यमों को रक्षा उत्पादन में और अवसर देने होंगे। साथ ही उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार की प्रतिस्पर्धा का भी ध्यान रखना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि रक्षा मंत्रालय के आंकड़े सैन्यबलों का हौसला और देश का मनोबल बढ़ाने वाले हैं। वैश्विक स्तर पर बन रहे तनाव के माहौल को देखते हुए इस गति को बनाए रखने और रक्षा उत्पादनों में आधुनिक तकनीक को शामिल करना भी जरूरी है। इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच बेहतर साझेदारी, नए बाजारों की खोज और रक्षा स्टार्टअपों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना होगा। इतना सब करके ही हम भविष्य की तैयारी कर सकेंगे।*

# हम सब का जीवन अपना अपना काव्य है, उसे व्यक्त कर पाने और उसे जी पाने में जब हम स्वतंत्र और समर्थ होते हैं, यही सच्ची स्वतंत्रता है

-पाठकपक्ष डेस्क-



हम कहने को स्वतंत्र है,पर हम हर जगह और हर समय बंधनों में बंधे हुए होते हैं। सच्ची स्वतंत्रता का अनुभव हमें अपने अंदर से होता है,वह केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति से प्राप्त नहीं होती, अपितु आत्मा की आज़ादी से महसूस होती है,जब हम अपनी आत्मा की आवाज सुन पाते हैं, उसके अनुसार जीवन जी पाते हैं,हम समाज के बेबुनियाद नियमों, दूसरों की अपेक्षाओं और डर की जंजीरों को तोड़, अपने सपनों को साकार कर जी पाते हैं तो हम सच्ची स्वतंत्रता का अनुभव करते हैं। इस संदर्भ में वाल्ट व्हिटमैन के ये कथन अवलोकनीय है 'जीवन एक अनंत उत्सव है, एक ऐसी यात्रा जो स्वतंत्रता, व्यक्तित्व और विश्व के साथ एक गहरे संबंध से भरी है। जीवन मेरे लिए एक महान गीत है, जिसमें हर व्यक्ति अपनी अनूठी धुन जोड़ता है। जीवन केवल जीवित रहना नहीं है, बल्कि हर पल को अनुभव करना है,इस दुनिया की हर चीज़ को गले लगाये, हमारा हर विचार, हर भावना, हर कदम इस ब्रह्माण्ड का हिस्सा है। इसे सीमाओं में नहीं बांधे, इसे स्वतंत्रता दे कि यह खिले और खिलाए और फैले।' अपने मन को मुक्त करना, बुराइयों से, दुर्बलताओं से, अपनी कमजोरियां से, अपने आप को सशक्त और सबल बनाने में ही सच्ची मुक्ति अनुभव होती है। एक पेड़ जैसे अपनी शाखाओं को फैलाता है, एक नदी जिस तरह से अपना रास्ता बनाती है, ठीक वैसे ही हम अपना रास्ता बनाएं। जो हम बन सकते हैं, वो बन पाए, हर दिल में एक कहानी है और हर कहानी सुनने लायक होती है। स्वतंत्रता केवल तभी संभव है, जब हम एक दूसरे का सम्मान करें और एक दूसरे की स्वतंत्रता को बढ़ावा दे। हम अपने जीवन को कैसे जीते हैं, उसे अर्थ देते हैं,या उसे व्यर्थ करते हैं या उसे परमार्थ में लगाते हैं। एक पिता के चार पुत्र थे, चारों में से एक को वह उतराधिकारी चुनना चाहता था, उसने चारों को बुलाया और बराबर धन देकर कहा कि ये जो तुम्हारे अपने अपने कमरे है, तुम्हें इनको रुपयों से पूरा भरना है। रुपए तो इतने नहीं थे, कि उनसे कमरे को पूरा भरा जा सके, एक ने अपना रुपए सट्टे में लगाए और सोचा एक के सौ बना कर कमरे को धन से भर देगा,पर वह तो दांव हार गया और उसने जमा पूंजी भी गंवा दी। दूसरे ने थोड़ा सोचा कि सस्ता कुछ खरीदा जाएं, जिससे कमरा भर जाए, उसने कचरा खरीद कर कमरे में भर दिया। तीसरे ने दिमाग लगाया, पर सोचता ही रहा और क्या करु, क्या करु की उधेड़बुन में लगा रहा। चौथे ने बिना प्रतिक्रिया किए जो उसे ठीक लगा करता रहा। पिता ने निर्धारित समय के बाद उनको बुलाया और उनके कक्ष देखने गया। पहले ने बताया कि मेरे भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह सारी जमा पूंजी लुटा चुका है और उसका कमरा खाली था। दूसरे के कमरे के पास पहुंचते ही, पिता को तेज बदबू आई, कमरा तो भरा था पर वहां खड़ा होना भी मुश्किल था। तीसरे बेटे के कमरे में गया तो वह खाली था, पर वहां उसके चौथे बेटे ने वहां रखी मेज़ पर एक दीपक था, उसे जलाया, प्रकाश चहुं ओर फैल गया और एक अगरबत्ती भी जलाई तो उसकी सुवास चारों ओर फैल गई। पिता ने बेटे को गले से लगा लिया, और उससे पूछा कि उसने अपने कमरे में क्या किया है, उसने कहा कि उसने अपने कमरे में भी सब वही किया है जो तीसरे भाई के कमरे में उन्होंने देखा है, उसने ही प्रकाश और सुवास से अपने कक्ष को भी भरा है। इस कहानी का तात्पर्य निर्णय यह है कि, पहले ने अनर्थ किया, दूसरे ने व्यर्थ किया, तीसरे ने उसे अर्थ दिया और चौथे ने परमार्थ किया, उसने अपने भाई की भी निस्वार्थ भाव से मदद की थी। ऐसे ही ईश्वर ने हमें यह जीवन दिया है और उसे हम कैसे बिताते हैं, उसे व्यर्थ करते हैं, उसे अर्थ देते हैं या फिर उससे परमार्थ करते हैं या अनर्थ करते हैं, यह सोचने की बात है।




-डॉ. कमलेश कली

# सुण मौल्लड़ की



**आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित**

**पशु प्रेमी इन्हाने शैल्टर म्ह भेजण का विरोध करण लाग रे सैं।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की संभावना। महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय लेने से बचें। मन में बैचेनी बनी रहेगी।
**वृषभ :** विभिन्न स्त्रोतों से धन लाभ होगा। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। यात्रा सुखद रहेगी।
**मिथुन :** मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। नए संपर्क कैरियर को नई गति देने में सफल रहेंगे।
**कर्क :** भाग्योदय के उचित अवसर प्राप्त होंगे। लम्बे समय में अटके काम पूरे होंगे। पूर्व में किए निवेश से लाभ होगा।
**सिंह :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। ना चाहते हुए भी लोगों की आलोचना सुननी पड़ सकती है। भय व तनाव की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा।
**कन्या :** यात्रा से लाभ होगा। व्यापारिक सांझेदारी लाभकारी रहेगी। परिवार का साथ खुशी देगा।
**तुला :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। पैसों के लेन-देन संबंधित कार्यों में सावधानी बरतें। काली माता की पूजा करें।
**वृश्चिक :** रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रियजन के संबंध में शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च अध्ययन में बेहतर परिणाम के आसार हैं।
**धनु :** अनावश्यक विवादों से दूर रहें। कार्यों में अचानक अवरोध उत्पन्न होंगे। सहयोगी की बातों को लेकर मन में खिन्नता बढ़ेगी।
**मकर :** नए काम की शुरूआत हो सकती है। तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होगी। आत्मविश्वास से फैसला लें सफलता मिलेगी।
**कुंभ :** लेखकों व कलाकारों को सम्मान प्राप्त होगा। मित्रों व रिश्तेदारों के साथ संबंध मधुर रखें। बातचीत में नरमी बरतें।
**मीन :** परिवार के साथ खुशी भरे लम्हे व्यतीत करेंगे। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# माता चोगान सेवा समिति ट्रस्ट का गठन कार्य समिति का भी किया गया गठन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 14 अगस्त :** पड़ाव गुजरान वासियों की एक बैठक आज पड़ाव चौक स्थित गुज्जर - अहीर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में माता चोगान सेवा समिति ट्रस्ट का गठन किया गया। बैठक में सर्वसमिति से संस्था के पदाधिकारियों की नियुक्तियां भी की गई। जिसमें कृष्ण खटाना एडवोकेट को सरंक्षक बनाया गया हैं। प्रधान महेन्दर हाकला, उप प्रधान चन्दर पाल शर्मा, महासचिव मनोज वर्मा, सचिव नरेश खटाना, कोषाध्यक्ष कृष्ण कालिया, प्रेस सचिव सुरेंदर गोरस, सलाहकर रोशन बनाये गए हैं। वहीं सदस्य के रूप में अनिल वर्मा, प्रदीप हाकला, यसपाल वर्मा, विनोद कोहली, सुभाष सैन, सुमित यादव सूच्चा, हंस राज गोरसी, सतनारायण सत्तू, विजय वर्मा, कपूर सींग वर्मा, विनोद ठाकुर, राजेंदर कालिया, संदीप यादव को बनाया गया हैं। बताया गया हैं की संस्था का उद्देश्य धार्मिक गतिविधियों का बढ़ावा देना व सामाजिक कार्य करना रहेगा।


**QUALITY FOILS (INDIA) LIMITED**
Formerly known as Quality Folis (India) Pvt. Ltd.
(An ISO 9001 : 2015 Company)
Regd. Office :- 3 Industrial Development Colony, Hisar-125005, Haryana (India)
Phone : 0091-1662-220327, 220328
Email : contactus@qualityfoils.com Webside : www.qualityfolis.com
CIN : L27107HR1990PLC030929

**क्वालिटी फॉइल्स (इंडिया) लिमिटेड द्वारा सदस्यों को रजिस्टर बंद करने की सूचना**

सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में, कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर कंपनी की 35वीं वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य से 29 अगस्त, 2025 से 04 सितंबर, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेगा।















**Name Change**
I, Yashika Rajpal (Old Name) W/o Sh. Jatin Wadhwa R/o H. No. 160, Kunj Lal Garden, Shanti Nagar, Near Hanuman Mandir Park, Hisar, Haryana-125001 have changed my name from Yashika Rajpal (Old Name) to Yashika Wadhwa (Name Name).

**Name Change**
I, Kiran Bala (Old Name) W/o Sh. Sandeep R/o H. No. 352, Surajmal Enclave Sector 5 Hisar declare that I want to change my name from Kiran Bala (Old Name) to Kiran for all future purpose.












